# तस्करी के दो आरोपियों को 20-20 साल का कठोर कारावास

## कोर्ट ने आरोपियों को दो-दो लाख रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट ने डोडा-चूरा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को 20-20 साल के कठोर कारावास और दो-दो लाख रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर ने बताया कि 7 नवम्बर 2019 को काछोला थाना अधिकारी रतनलाल मय जाब्ता थाने से गश्त करते हुए लक्ष्मणगढ़ तिराहे पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान एक ट्रक आया जिसे शंका के आधार पर चेक किया तो ट्रक में 40 कट्टे अफीम डोडा-चूरा भरा हुआ मिला जो अजवाइन, प्याज और लहसुन के कट्टों के नीचे दबा कर रखा हुआ था। ट्रक चालक से नाम-पूछा तो ट्रक चालक ने अपना नाम मदनलाल पुत्र बालू लाल प्रजापत निवासी रायपुर और खलासी ने अपना नाम सांवरलाल पिता महावीर प्रसाद रायपुर शाहपुरा जिला भीलवाड़ा होना बताया। पुलिस ने अफीम डोडा-चूरा का तोल किया तो कुल वजन 1000 किलो पाया गया। मुलजिमों को गिरफ्तार कर पुलिस ने चालान न्यायालय में पेश किया। ट्रायल पूरा होने के बाद विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस भीलवाड़ा जगदीश प्रसाद शर्मा ने मदनलाल और सवार को दोषी मानते हुए दोनों को 20-20 साल के कठोर कारावास और दो-दो लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। विशिष्ट लोग अभियोजक गुर्जर ने आरोप सिद्ध करने के लिए 7 गवाह और 202 दस्तावेज कोर्ट में पेश किए।



पुलिस ने आरोपियों को विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट में पेश किया।

**गेपसागर झील में कार व बाइक गिरी :** डूंगरपुर शहर में बादल महल रिंग रोड पर सोमवार देर रात बाइक और कार के बीच टक्कर के बाद दोनों वाहन गेपसागर झील में गिर गए। हादसे में बाइक सवार युवक की डूबने से मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त और कार सवार युवक को लोगों ने बचा लिया।

कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान रोशन पुत्र भगवती शंकर हरसोत, निवासी पिंडावल के रूप में हुई है। वह डूंगरपुर शहर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। रोशन अपने परिवार का इकलौता बेटा था और उसकी दो बहनें हैं। सोमवार शाम वह लाइब्रेरी में पढ़ाई करने गया था। इसके बाद अपने दोस्त अमन जैन के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान गेपसागर झील के बादल महल रिंग रोड पर सामने से आ रही एक कार से टक्कर हो गई। हादसे के बाद बाइक और कार दोनों झील के पानी में जा गिरे। घटना के बाद रिंग रोड पर मौजूद लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और अमन जैन व कार सवार युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन रोशन गहरे पानी में डूब गया। बाद में गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। हादसे की खबर मिलते ही देर रात परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने बताया कि हादसे की प्राथमिक वजह अंधेरा और तेज रफ्तार वाहन हो सकते हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# सम्मेलन में जाट समाज के 30 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



जाट समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन हरणी महादेव भीलवाड़ा में सम्पन्न हुआ।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। सकल जाट समाज द्वारा राजस्थान मेवाड़ जाट महासभा, भीलवाड़ा के तत्वावधान में आयोजित जाट समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन हरणी महादेव भीलवाड़ा में सामाजिक एकता और सादगी का प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर 30 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, जिन्होंने एक नए और समृद्ध जीवन की शुरुआत की। कार्यक्रम में नव-दंपतीयों को आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथियों में राजस्थान जाट महासभा प्रदेशाध्यक्ष राजाराम मील, सारिका सिंह चौधरी (प्रदेशाध्यक्ष, महिला कांग्रेस, राजस्थान), और अंकलेश जाखड़ शामिल रहे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, नगर निगम महापौर राकेश पाठक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अदिति चौधरी, बदरी लाल जाट, महावीर चौधरी, एस.डी.एम. ओम प्रकाश माचरा, नगर निगम कमिश्नर हेमाराम चौधरी, सीताराम चौधरी, हनुमान धायल (पुलिस निरीक्षक), देवीलाल चौधरी, राजवीर कुशवाह, हीरा लाल भदाला, रामेश्वर जाट, प्रेमाराम सियाग, गजराज चौधरी और जे.वी.पी. मीडिया ग्रुप चेयरमैन हरि राम किंवाड़ा मौजूद रहे। इस अवसर पर नवग्रह आश्रम के संस्थापक हंसराज चौधरी ने सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। जाट समाज के प्रमुखों और सदस्यों ने इस मंच से सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि सामूहिक विवाह का यह आयोजन हर साल किया जाएगा, समाज के सभी लोग सामूहिक विवाह में ही अपने बच्चों की शादी करेंगे, शादियों में होने वाली होड़ा-होड़ी और फिजूलखर्ची (बर्बादी) से बचकर उस धन का उपयोग शिक्षा पर किया जाएगा। यह सामूहिक संकल्प समाज में एक नई दिशा देने और शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंच संचालन नारायण भदाला ने किया।

# हेल्प डेस्क में शिक्षकों को मुक्त करने की मांग

- राज. शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने बीकानेर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन भेजा

**बीकानेर,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने जिला कलेक्टर बीकानेर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन भेज कर आग्रह किया है की विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के हेल्प डेस्क कार्यक्रम में अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं को देखते हुए शिक्षकों को मुक्त रखा जाए।

संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ने ज्ञापन में अवगत कराया कि वर्तमान में सरकार द्वारा समय से पूर्व परीक्षा अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है जिस कारण से विद्यालयों में पाठ्यक्रम भी पूर्ण नहीं हो पाया है। शिक्षकों पर पाठ्यक्रम पूर्ण करवाने एवं फिर परीक्षाओं का संचालन नवंबर माह में ही करने का दबाव है। ऐसी स्थिति में एक ही समय में विशेष मतदाता पुनरीक्षण एव विद्यालयी कार्यों के पूर्ण करने के दोहरे राजकीय दायित्वों को लेकर असमंजसता की स्थिति बन गई है। आचार्य ने ज्ञापन में बताया कि विशेष मतदाता पुनरीक्षण के अध्यक्ष का कार्य अन्य राजकीय कर्मचारियों के माध्यम से पूर्ण किया जा सकता है लेकिन परीक्षाओं का संचालन एवं पाठ्यक्रम पूर्ण करवाने का दायित्व केवल शिक्षक वर्ग ही पूर्ण कर सकता है। ऐसी स्थिति में शिक्षकों को विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम से मुक्त रखते हुए पाठ्यक्रम एवं परीक्षा संचालन की कार्यों के दायित्व को पूर्ण करने में ही रहने देना चाहिए। ज्ञापन में अवगत करवाया कि जारी आदेशों में अर्हता दिनांक 1 जनवरी 26 के तहत विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गठित होने वाली हेल्प डेस्क के लिए अधिकांश विद्यालयों में 2-2 बूथ होने के कारण एक विद्यालय से 6 शिक्षकों को लगाया गया है तथा जहां एक बूथ है वहां से 3 शिक्षकों को लगाया जाने से शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होगी और साथ ही विद्यार्थियों के साथ न्याय नहीं होगा।

वर्तमान में 20 नवंबर से राज्य के सभी विद्यालयों में राज्य स्तरीय समान परीक्षा योजना के तहत अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं का संचालन होना है। वहीं परीक्षाएं निर्धारित समय से पूर्व प्रारम्भ होने के कारण विद्यालयों में पाठ्यक्रम बकाया चल रहा है जिसे पूर्ण करवाने का दबाव भी शिक्षकों पर है। ज्ञापन में पाठ्यक्रम पूर्ण करने, परीक्षा समय एवं उसी बीच पुनरीक्षण कार्यक्रम की हेल्प डेस्क में शिक्षकों को लगाये जाने से शिक्षण व्यवस्था एवं परीक्षाएं प्रभावित होने की स्थिति रहेगी, जिससे बच्चों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के सफल संचालन एवं अधूरे पाठ्यक्रम को पूर्ण करवाने हेतु छात्र हित में उक्त हेल्प डेस्क कार्यक्रम से शिक्षकों को मुक्त करवाने का आग्रह जिला कलेक्टर से किया गया है।

# फैक्टरी में महिला की चोटी मशीन में आई, चमड़ी सहित बाल हटे

## घटना विगत 11 अक्टूबर की है, पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया

- पीड़ित परिवार न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचा

**अलवर,** (निसं)। एमआईए की बेनामी फैक्टरी में महिला की चोटी मशीन में आ गई। इससे महिला के सिर के चमड़ी सहित बाल हट गये। इस मामले को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। आखिर पीड़ित परिवार न्याय पाने के लिए पुलिस अधीक्षक की शरण में पहुंचे।

जानकारी के अनुसार घटना 11 अक्टूबर की है। जब बिशम्बर अलवर बहाला विशंभर पुत्र किशना जाटव निवासी टोल टैक्स बहाला के पास इंदिरा कॉलोनी बहाला की पत्नी सीमा अलवर के मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक बेनामी फैक्टरी जो सिर्फ प्लाट नम्बर के आधार पर यहां हीटर का मटेरियल उत्पादन बना रही है उसमें कार्य करती है। मेरी पत्नी सीमा व मेरे साले की पत्नी राजकुमारी औद्योगिक क्षेत्र कंपनी एच1/952 कंपनी मालिक पुष्पेंद्र भारद्वाज के पास मजदूरी का काम करती है जिसमें हीटर बनाने का मटेरियल बनाया जाता है 11 अक्टुबर को मेरी पत्नी व मेरे साल की पत्नी राजकुमारी रोजाना की तरह फैक्टरी में सुबह कार्य करने गई। फैक्टरी मालिक ने मेरी पत्नी सीमा को मशीन पर काम करने के लिए बोला मशीन के फैन बेल्ट व कर नहीं होने के कारण सीमा ने मशीन पर कार्य करने के लिए मना कर दिया। परंतु फैक्टरी मालिक बोला की पूर्व में भी इसी मशीन पर महिला बगैर फैन बेल्ट के ही काम करती थी। काम तो इसी पर ही करना होगा। मेरी पत्नी सीमा ने मालिक से बोला कि मेरा पीएफ ईएसआई नहीं कट रहा है, अगर कोई घटना हो जाती जिसका जिम्मेदार कौन होगा तो मालिक बोला कि तुम्हारा ऐप कट रहा है। कोई घटना होती है तो उसका जिम्मेदार मैं खुद हूं। दोपहर करीब 12:30 बजे मेरी पत्नी सीमा की चुन्नी बिना कन्न वाले मशीन में आ गई जिसमें सीमा के सिर के बाल चमड़ी सहित उखड़ गए जिसके कारण बेहोश होकर गिर गई। जब मेरी पत्नी घायल अवस्था में बेहोश थी, कंपनी मालिक ने उद्योग क्षेत्र में इधर-उधर मेडिकल पर दिखाया। जब मेडिकल वालों ने जवाब दे दिया तो ईएसआईसी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। यहां से जयपुर के लिए एसएमएस के लिए रेफर कर दिया पति ने आरोप लगाया कि पुलिस ने जाति पूछ कर उनका मुकदमा दर्ज नहीं किया और कहा कि क्या फैक्टरी मालिक तुम्हें बुलाने गया था, तुम्हारी पत्नी खुद चल कर आई। तुम जाति सूचक शब्द बोल कर कहा कि तुम्हें सिर्फ क्लेम चाहिए और मुकदमा दर्ज नहीं किया। इस पर उन्होंने न्याय पाने के लिए आज जिला पुलिस अधीक्षक को अपनी गुहार लगाई है।

# श्रीगंगानगर जिले में डेंगू रोगियों का आंकड़ा दो सौ के करीब

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले में डेंगू रोगियों का आंकड़ा दोहरे शतक के करीब पहुंच रहा है। जिला अस्पताल में 40 सैंपलों की एलाइजा जांच की गई। इनमें से पांच पॉजिटिव पाए गए हैं। अब जिला अस्पताल में भर्ती रोगियों की संख्या 22 हो गई है। नए मरीज तीन जिला मुख्यालय से, एक सादुलशहर और एक पदमपुर ब्लॉक एरिया का रहने वाला है। यह विभाग का आधिकारिक आंकड़ा है, लेकिन इसमें प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती मरीजों का आंकड़ा शामिल नहीं है। यहां तक कि तपोवन में हो रही एलाइजा जांच के आंकड़े भी शामिल नहीं है। तपोवन में 27 एलाइजा टेस्ट किए गए। इनमें 12 पॉजिटिव आए हैं। इनमें से तीन श्रीगंगानगर जिले के हैं, शेष फाजिल्का और अबोहर तहसील के हैं। एक अक्टूबर से अब तक के डेटा की बात करें तो 3 नवंबर को आधिकारिक आंकड़ा 78 जबकि कुल आंकड़ा 81 पहुंच गया है। एक जनवरी से अब तक यह आंकड़ा 189 पहुंच चुका है।

जिला अस्पताल की डीसी डॉ. ज्योत्सना चौधरी ने बताया कि अस्पताल में डेंगू वार्ड में अभी मरीज भर्ती करने को पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं। इसलिए वार्ड को नहीं बढ़ ाया गया है। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में एसडीपी बनाने की प्रक्रिया सही चल रही है और जरूरत के हिसाब से मरीजों को एसडीपी दिया जा रहा है। स्थिति नियंत्रण में है और मरीज उपचार के बाद ठीक होकर घर लौट रहे हैं। अभी वार्ड में 22 मरीज उपचाराधीन हैं।

जिला अस्पताल में मच्छरों की फौज पर नियंत्रण के लिए प्रयास शुरू नहीं किए गए। नगरपरिषद से मनरेगा मजदूर आए ही नहीं। लिहाजा सफाई का अभियान छेड़ा ही नहीं गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार पीएमओ की ओर से 30 मजदूर मांगे गए थे, लेकिन एक भी नहीं आया। दोपहर में पता किया तो नगरपरिषद की ओर से बताया गया कि गलतफहमी के कारण मजदूर नहीं भेजे जा सके। अस्पताल के स्टाफ ने भी बताया कि मच्छरों के नियंत्रण के लिए प्रभावी प्रयास नहीं हो रहे।

# लोगों को नेशनल हाइवे निर्माण के नाम पर बेघर किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। नेशनल हाइवे 158 की परियोजना निदेशक ने झूठा वादा कर मकान तोड़ दिये। 700 मीटर के अधूरे हाइवे निर्माण की दुर्दशा ऐसी कि कभी भी बहुत बड़ा हादसा हो सकता है।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 158 मांडल आसींद रास को बनकर तैयार हुए 3 साल हो गए हैं, इस नेशनल हाइवे पर आसींद कस्बे के मध्य से 700 मी अधूरे निर्माण कार्य 3 वर्षों से सुर्खियां बटोर रहा है। कभी नेशनल हाइवे के निर्माण को लेकर सीमा में आ रहे मकानों को तोड़ने के नाम पर परियोजना निदेशक द्वारा पल्ला झाड़ा गया तो कभी नेशनल हाइवे पर बने मकानों को तोड़कर परियोजना निदेशक की हठधर्मीता सामने आई। 2 महीने पूर्व हाइवे सीमा के नजदीक आ रहे मकानों को यह कहकर तोड़ दिए गए कि उन्हें शीघ्र मुआवजा राशि तथा हाइवे का निर्माण पूरा कर दिया जाएगा, आज यहां तोड़े गए मकान में लोग टेंट लगाकर रहने को मजबूर हो गए हैं। तीन साल में अधूरे हाइवे निर्माण और इस क्षतिग्रस्त हाइवे पर कई अधिकारी व राजनेताओं का गुजरना हुआ, निर्माण कार्य पूरा करने की बात पर परियोजना निदेशक राकेश कुमार से इन अधिकारियों राजनेताओं ने संपर्क किया तो हमेशा टालमटोल का जवाब मिला। सरकार की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के आसींद सवाईभोज दौरे के दौरान भी परियोजना निदेशक को जमकर फटकार लगाई गई। कस्बे वासियों ने परियोजना निदेशक राकेश कुमार पर आरोप लगाए कि उनसे झूठा वादा कर उनके मकान तोड़ दिए गए।

विधायक जब्बर सिंह सांखला ने बताया कि परियोजना निदेशक को फोन लगाए गए लेकिन उन्होंने फोन उठाया ही नहीं।

- तोड़े गए मकान में लोग टेंट लगाकर रहने को मजबूर



राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के नाम पर लोगों के घर तोड़ दिये।

# वाहन चोर गिरफ्तार, पांच बाइक बरामद

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। पुरानी आबादी पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर शहर से चोरी हुई 5 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। आरोपी मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पहले भी गिरफ्तार हो चुका है।

एसएचओ रजिराम ने बताया कि थाना इलाके से चोरी हो रही मोटरसाइकिलों की बरामदगी तथा आरोपी पकड़ने को एसपी डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर एएसआई छिंद्रपालसिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम ने 8 वाई मोहनपुरा व हाल 6 ए निवासी 24 वर्षीय लवप्रीतसिंह उर्फ लब्बु पुत्र दारासिंह उर्फ धारा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से उसकी निशानदेही पर चोरी की 5 मोटरसाइकिलें बरामद की। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने पुरानी आबादी थाना क्षेत्र के अलावा कोतवाली क्षेत्र से दो तथा जवाहरनगर थाना क्षेत्र से भी दो मोटरसाइकल चोरी की थी। इनमें से एक जस्सासिंह मार्ग से, एक नेहरू पार्क के पास से तथा दो मोटरसाइकिल छजगरिया मोहल्ले के पास से चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी से चोरी हुई अन्य मोटरसाइकिलों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

जांच अधिकारी एएसआई छिंद्रपाल सिंह ने बताया कि 21 अक्टूबर दोपहर में कुंज विहार से सुखवीर बराड़ की मोटरसाइकिल घर के आगे से चोरी हुई थी। परिवादी के परिवाद पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल से सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गए तो आरोपी की पहचान की गई, क्योंकि आरोपी पर पहले से मोटरसाइकिल चोरी के मुकदमे हैं और गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी नशे का आदी है। पहले मिर्जेवाला रहते था, फिर मोहनपुरा और अब 6 ए में अपनी बहन के गांव में रहता है।

# मानसिक रूप से कमजोर महिला ने फांसी लगाई

**श्रीडूंगरगढ़,** (निसं)। यहां एक मानसिक रूप से कमजोर महिला ने सुसाइड कर लिया। महिला ने शिवम मानव कल्याण सेवा संस्थान के कमरे में पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। मृतका की पहचान 40 वर्षीय किरण पत्नी जितेंद्रसिंह निवासी सुडाबास, गोगामेडी, रतनगढ़ के रूप में हुई है। वह पिछले एक साल से बिग्गाबास के वार्ड नंबर 24 में संचालित आश्रम में रह रही थी। सूचना मिलने पर हेड कॉन्स्टेबल रामस्वरूप अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। रामस्वरूप ने बताया कि मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षक पिता के पुत्र ने विद्यालय का काया पलट का फैसला लिया

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर के मूल निवासी एवं वर्तमान में प्रवासी व्यवसायी दिलीपराज कोठारी ने अपने पिताजी अमृतराज कोठारी की स्मृति को चिर स्थाई बनाने के लिए कुछ हटकर बड़ा फैसला किया है। स्थानीय समाज सेवक एवं व्यवसायी पुष्पराज बोहरा की प्रेरणा से दिलीपराज कोठारी महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, शिवाजी नगर जालोर की कायापलट करने के लिए संकल्पित हुए, जिसमें कभी उनके पिताजी अमृतराज कोठारी ने शिक्षक एवं संस्था प्रधान के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की। दिलीपराज कोठारी की शिक्षा-दीक्षा जालोर में हुई तथा शिक्षा उपरांत व्यवसाय के उद्देश्य से बैंग्लूरू प्रवास किया। वर्तमान में एक सफल व्यवसायी के रूप में स्थापित दिलीपराज अपनी जड़ों को नहीं भूले तथा प्रेरक पुष्पराज बोहरा एवं अपने मित्र एवं राजनेता रविन्द्र सिंह बालावत से चर्चा कर कोठारी-भण्डारी चैरिटेबल ट्रस्ट, जालोर-बैंग्लूरू के माध्यम से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम, शिवाजी नगर, जालोर के नवीन भवन निर्माण का फैसला किया, ताकि समर्पित शिक्षक रहे पिताजी की स्मृति को चिरस्थाई बनाया जा सके।

इस संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से भामाशाह दिलीपराज कोठारी ने प्रेरक पुष्पराज बोहरा तथा रविंद्र सिंह बालावत के साथ जिला कलेक्टर डॉ प्रदीप के. गावडे से मुलाकात कर नवीन भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रदान किया। जिला कलेक्टर ने कोठारी के इस निर्णय की सराहना करते हुए प्रसन्नता प्रकट की। जिला शिक्षा अधिकारी भंवरलाल परमार ने शिक्षा के क्षेत्र के विकास हेतु भामाशाह दिलीपराज कोठारी के महत्वपूर्ण निर्णय का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया।

# रावला मंडी में राशन वितरण बाधित

**रावलामंडी,** (निसं)। उचित मूल्य की दुकानों पर राशन वितरण में बाधा आ रही है। सर्वर डाउन होने और ई-पोस मशीनों में स्टॉक अपडेट न होने के कारण उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इससे स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। उपभोक्ताओं को राशन न मिल पाने का मुख्य कारण सर्वर की खराबी और डीलरों की ई-पोस मशीनों में स्टॉक का अपडेट न होना है। गोदामों में राशन उपलब्ध होने के बावजूद, डीलरों के पास मशीन में जानकारी अपडेट न होने से वितरण रुक गया है। इसके अलावा, कुछ ई-पोस मशीनें आधार ई-केवाईसी पूरी न होने के कारण बंद पड़ी हैं।

जिला आपूर्ति अधिकारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि यह समस्या सरकार द्वारा ई-पोस मशीन में सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण उत्पन्न हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस समस्या को जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी न हो।

# दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से है भारत : राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े

- राज्यपाल ने राष्ट्रीय एकात्मता विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया
- राज्यपाल बागड़े ने जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**बांसवाड़ा,** (निसं)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय में "राष्ट्रीय एकात्मता : विविधता में एक चेतना" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। उन्होंने संगोष्ठी के अंतर्गत जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन करते हुए कहा कि राष्ट्र अनेक भाषा, संस्कृति, मतों, परंपराओं से मिलकर बनता है राष्ट्र की एक सीमा होती है। राष्ट्र में उस देश का नागरिक रहता है। कोई दूसरे देश का नागरिक आता है तो उसे उस देश की नागरिकता लेनी पड़ती है। संगठित जनसमुदाय, निश्चित भूभाग, संस्कृति, परंपरा, एकता की भावना हमें एक सूत्र में बांधती है। देश के नागरिकों में देश के मूल्यों, आदर्शों, मातृभूमि, समुदाय के प्रति निष्ठा और प्रेम होना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि एकता की भावना सिर्फ बातों में नहीं व्यक्ति के कर्मों में भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश जब बनता है तब एक देश से दूसरा देश बन जाता है। कारण अलग-अलग होते हैं। बागड़े ने कहा कि हमारे विघटन, हमारी गरीबी, हमारे एकसंघ नहीं होने का लाभ उठाकर अंग्रेजों ने देश पर अतिक्रमण कर लिया। वह हमने अंग्रेजों से वापस लिया। एक राष्ट्र विकसित बनता है जब नागरिक एकजुट होकर देशप्रेम के साथ अपना सर्वस्व अर्पण करते हैं। नागरिक अपनी शक्ति, बुद्धि, त्याग, आर्थिक स्वावलंबन से देश को विकसित बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से हैं। पहले गांव में कच्चे मकान होते थे जो अब पक्के बन गए हैं क्योंकि लोगों के पास पैसा आया है। देश की अर्थव्यवस्था का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि रामायण और महाभारत हमारी संस्कृति का मूल है। राम का नाम सभी भाषाओं में है। भजन-कीर्तन, व्याख्यान, भाषण, शिक्षण अलग-अलग भाषाओं में होता है मगर देवधर्म सबका एक ही है। एक ही गणेशजी की आरती अनेक भाषाओं में होती है मगर सबका भाव एक ही होता है। अनेक भाषा, खान-पान, वेशभूषा अलग-अलग होने के बावजूद हम सब एक हैं। हमारी संस्कृति भाषा अनेक भाव एक, पथ अनेक-गंतव्य एक की है।



गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने संबोधित किया।